बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 03 / भू0अ0नि0(2)आरोप(वि0सर्वे0अ0)बेगूसराय–11 / 2022 580 **पटना, दिनांक** :– 31/01/2024

आदेश

सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी(मु0), बेगूसराय के पत्रांक 757 दिनांक 19.04.2023 द्वारा श्री रोहित कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02547) के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप के आलोक में श्री कुमार द्वारा स्पष्टीकरण के समीक्षोपरांत निदेशालय आदेश संख्या 5337 दिनांक 30.06.2023 द्वारा इस शर्त्त के साथ स्पष्टीकरण से मुक्त किया गया था कि दिनांक 31.07.2023 तक इनको आवंटित ग्राम का प्रारूप प्रकाशन नहीं होता है, तो इनका संविदा नियोजन समाप्त कर दिया जाएगा।

उक्त आदेश की अवधि समाप्ति के पश्चात् निदेशालय पत्रांक 9143 दिनांक 11.12.2023 द्वारा बंदोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय से श्री कुमार के कार्यो की समीक्षा कर प्रतिवेदन की मांग की गयी है। बंदोबस्त पदाधिकारी के पत्रांक 2500 दिनांक 14.12.2023 द्वारा यह प्रतिवेदन दिया गया है कि श्री कुमार द्वारा प्रारूप प्रकाशन तक का कार्य पूर्ण कर दिया गया है एवं ये अपनी कार्य शैली में सुधार करते हुए सर्वेक्षण कार्य कर रहे हैं।

बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन के समीक्षोपरांत श्री रोहित कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02547) को उक्त निर्गत आदेश में वर्णित शर्त्त से मुक्त किया जाता है।

(जय सिंह) 31/1/24
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)आरोप(वि0सर्वे0अ0)बेगूसराय–11 / 2022 580 **पटना, दिनांक** :– 31/01/2024

प्रतिलिपि :– श्री रोहित कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02547), बंदोबस्त कार्यालय, बेगूसराय को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)आरोप(वि0सर्वे0अ0)बेगूसराय–11 / 2022 580 **पटना, दिनांक** :– 31/01/2024

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)आरोप(वि0सर्वे0अ0)बेगूसराय–11 / 2022 580 **पटना, दिनांक** :– 31/01/2024

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी निदेशालय अन्तर्गत R2R में संधारित इनकी व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप 29/1/24